www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-251 सागवाड़ा,शनिवार,28 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# शहर के पांच तालाबों के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 38 करोड़

## पुनर्वास कालोनी खेल मैदान का भी होगा विकास, सर्वे का काम पूरा, अब होंगे टेंडर

**सागवाड़ा।** शहर के पांच तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है। इसके साथ ही पुनर्वास कालोनी के खेल मैदान का भी विकास होगा। इन दोनों कार्यों पर करीब 38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुरूप सागवाड़ा शहर को आरयूआईडीपी के चौथे फेज में शामिल किया गया था।

दोनों कार्यों का सर्वे और डीपीआर का काम पूरा कर लिया गया है। अब टेंडर प्रक्रिया होगी। नगर पालिका सागवाड़ा के जेईएन लोकेश पाटिदार ने बताया कि इन कार्यों के लिये सोशल सर्वे का काम हो गया है।

अब टेंडर लगाए जाएंगे। कहां क्या काम होना है उसकी पूरी रूपरेखा तैयार है। इसके तहत पिछले दिनों सोशल सेफ गार्ड के राजीव शर्मा ने पार्षद और शहरवासियों से मुलाकात कर इसके तहत होने वाले कार्यों और इससे होने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, पार्षद भरत जोशी, इंद्रजीत मकवाना, गटा भागरिया, अशोक रोत और डायालाल पाटीदार से होने वाले कार्यों के बारे में चर्चा की। पार्षदों ने भी सुझाव दिये। पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि शहर में पेयजल और सीवरेज के लिये100 करोड़ का टेंडर पहले ही लग गया है।



शहर के विकास को लेकर जो वादे किये थे उन्हें पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा में 38 करोड़ के काम होने है जिससे शहर के तालाबों की दशा बदलेगी। लंबे समय से तालाबों के सौंदर्यीकरण की मांग की जा रही थी। डीपीआर और सर्वे का काम हो गया है। अगले माह में टेंडर भी लग जाएंगे।

**– नरेंद्र खोड़निया, नगर पालिका अध्यक्ष, सागवाड़ा**

### आधुनिक खेल मैदान होगा तैयार

पुनर्वास कालोनी के खेल मैदान का पूरा स्वरूप ही बदल दिया जाएगा। इसके तहत प्ले ग्राउंड बनाया जाएगा जिसमें क्रिकेट या फुटबॉल खेला जा सके। इसके अलावा यहां लान टेनिस और वालीबॉल का मैदान भी तैयार किया जाएगा।

### इन तालाबों की सुधरेगा दशा

सागवाड़ा शहर के पांचों तालाब दुर्दशा के शिकार हैं। तालाब जलकुंभी और गंदगी से अटे पड़े हैं। लोहारिया, मसाणिया, गमलेश्वर, हरियाला और बोरिया तालाब की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बताया कि तालाबों का सौंदर्यीकरण चुनाव का प्रमुख वादा था। आरयूआईडीपी के चौथे फेज में इस कार्य को स्वीकृति मिली है।

### तालाबों के किनारे वोकिंग ट्रैक, गार्डन और फाउंटेन

शहर के इन पांचों तालाबों के विकास का प्लान तैयार है। सबसे पहले जल आवक मार्ग से अवरूद्ध हटाये जाएंगे और तालाबों को गहरा किया जाएगा। तालाब के पास वोकिंग ट्रैक, गार्डन और फाउंटेन लगाए जाएंगे। लाइटिंग और पाल का सुदृढ़ीकरण होगा।

# वॉकिंग के लिए निकले व्यापारी की कार की टक्कर से मौत

## एक महीने पहले ही बेटे की भी हुई थी मौत

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर से आसपुर रोड़ पर पुनाली गांव में एक तेज रफ्तार कार ने वॉकिंग कर रहे व्यापारी को टक्कर मार दी। इसके बाद कार बिजली के पोल से टकरा गई। लहूलुहान व्यापारी को डूंगरपुर हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एक महीने पहले ही व्यापारी के जवान बेटे की भी मौत हो गई थी। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की प्रहलादसिंह राजपुरोहित (49) निवासी जालोर हाल पुनाली में मिठाई की दुकान करते है। आज शनिवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे प्रहलाद सिंह राजपुरोहित मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। घर से कुछ ही दूरी पर डूंगरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इसके बाद कार सड़क किनारे एक बिजली के पोल से टकरा गई। एक्सीडेंट के बाद कार का ड्राइवर मौके से भाग गया। वही कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक्सीडेंट में प्रहलाद सिंह राजपुरोहित लहूलुहान होकर गंभीर घायल हो गए। पुनाली निवासी कैलाश सुथार दौड़कर पहुंचा। प्रहलादसिंह के भाई श्याम राजपुरोहित, प्रताप राजपुरोहित को बताया। परिवार के लोग दौड़कर आए। गंभीर घायल प्रहलाद सिंह को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद प्रहलादसिंह को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में मातम पसर गया। घटना की सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया है। परिवार के लोगो की रिपोर्ट पर पुलिस की दर्ज कर मामले की जांच करेगी।



### एक महीने पहले ही बेटे की मौत, अब पति की, परिवार में मातम

मृतक प्रहलाद सिंह राजपुरोहित के बड़े बेटे शांतिलाल (22) की एक महीने पहले ही अटैक से मौत हो गई थी। अब पति की मौत के बाद पत्नी संतोष देवी और उसके दो बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक ही महीने में दो बड़ी घटनाओं से पूरे घर में मातम का माहौल है।

वहीं अब परिवार की जिम्मेदारी भी प्रहलाद सिंह के भाई श्याम सिंह राजपुरोहित, प्रताप सिंह पर आ गई है।

# विवाहिया द्वारा खुदकुशी का मामला, परिजनों ने एक युवक पर लगाया आरोप

**सीमलवाड़ा।** धंबोला थाना क्षेत्र के ओडा फला, झलाब में एक युवती की खुदकुशी मामले में मृतका के परिजन गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगा गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। पोपट लाल पुत्र सोमा डामोर ने पुलिस महानिरीक्षक, जिला पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में राजेश पुत्र रमेश पांडोर को नामजद आरोपी बनाकर गिरफ्तार करने की मांग की है। पत्र में बताया कि 18 मई को प्रार्थी, उसकी पत्नी सूर्या, पुत्र भूलेश्वर, लीला सहित दीपपुरा में एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे, घर पर छोटी बेटी वाली अकेली थी।

उस दिन प्रार्थी के पुत्र भूलेश्वर के पास गांव के ही राजेश पांडोर का फोन आया कि तू जल्दी घर आ जा, फिर भूलेश्वर घर पहुंचा तो राजेश घर के पास इमली के पेड़ के पास खड़ा मिला, उसने बताया कि तेरी बहन ने फांसी लगा ली है, मैने उसे खाट पर सुला रखी है। जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। थोड़ी देर में सभी परिजन घर पहुंचे थे। जिनके सामने राजेश ने बताया कि वाली रस्सी से फंदे पर लटकी हुई थी, मैने रस्सी को तोड़कर नीचे उतारा है।

इसी आधार पर मृतका के परिजनों ने आरोप लगा रहे है, जिसमें बेटी वाली ने खुदकुशी की थी, तब राजेश घर क्यों गया था, रस्सी को कांटी लेकिन वो किसी परिजन के आने तक यथास्थिति बनाए रख सकता था, आरोप यह भी लगाया कि पुलिस के समक्ष पंचनामा बनाते समय देखा था कि वाली का एक हाथ टूटा हुआ है, मृतका का हाथ टूटा हुआ था तो उसने खुदकुशी कैसे की, राजेश ने मृतका के भाई भूलेश्वर को कहा था कि वो परिजनों को बताए की उसने राजेश दोनों ने वाली के शव को नीचे उतारा है।

मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि बेटी वाली के साथ राजेश ने जबरदस्ती करने की कोशिश की ओर हत्या कर शव को लटका दिया था। पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

# रणसागर में पुराने शिव मंदिर के बन रहे पिल्लर को बदमाशों ने गिराया, लोगों में आक्रोश

**डूंगरपुर।** रणसागर के पेटे में बने पुराने शिव मंदिर के निर्माणाधीन पिल्लर को शुक्रवार रात के समय कुछ बदमाशो ने गिरा दिया। घटना के बाद गांव के लोगों में आक्रोश है। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

खेड़ा कच्छवासा गांव के अरविंद चौबीसा ने बताया की गांव के रणसागर तालाब के पेटे में पुराना ऐतिहासिक शिव मंदिर है। लंबे समय से मंदिर की देखरेख नहीं होने से जीर्ण शीर्ण हो गया था। बारिश के दिनों में मंदिर के चारो तरफ पानी रहने से एक मंदिर के गुम्बद का गुंबद टूट गया था तो पिलर भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। खेड़ा कच्छवासा गांव के लोगो ने मिलकर मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और इन दिनों मंदिर के शिखर, पिल्लर का काम चल रहा है। शुक्रवार रात के समय कुछ बदमाशो ने मंदिर के आगे बनाए गए एक पिल्लर को गिरा दिया।



घटना का पता आज शनिवार सुबह मजदूर आए तो इसका पता लगा। महदूरो ने इसकी खबर गांव के लोगो को दी। बड़ी संख्या में गांव के लोग इकट्ठे हो गए। निर्माणाधीन मंदिर के पिल्लर तोड़ने की घटना पर गांव के लोगो ने जमकर आक्रोश जताया। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया की बदमाशो की तलाश की जा रही है।

# दीवड़ा बड़ा में अत्याधुनिक सार्वजनिक लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

**दीवाना ।** दीवाना पंचायत में शनिवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित अत्याधुनिक लाइब्रेरी वाचनालय का उद्घाटन डायालाल पाटीदार, पंचायत समिति सदस्य नानिया रोत, उप सरपंच डॉ. हितेश कुमार पाटीदार, वेलजी पाटीदार, दिनेश पंड्या, गुंजन पुरोहित, राजू, प्रकाश डोडियार, रमेश कटारा, दिलीप श्रीमाली ने किया। अत्याधुनिक वाचनालय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा प्रतिभागियों को संबलन मिलेगा। उद्घाटन सत्र में ही गांव के भामाशाह वेलजी पाटीदार द्वारा एक एयर कंडीशन (एसी) लगाने की घोषणा की गई। ग्राम पंचायत द्वारा यह एक अनूठी पहल है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच डॉ. हितेश पाटीदार द्वारा जगह-जगह जाकर शिक्षा में क्रांति लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। क्योंकि उनका मानना है शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है इसी के माध्यम से समाज में उन्नति लाई जा सकती है। गांव के युवाओं को गांव में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का अवसर मिल सके शिक्षा के क्षेत्र में यह एक नवाचार हैं। इस अवसर पर प्रद्युम्न शाह, प्रकाश पाटीदार, मोहन पाटीदार, अमर सिंह राव, चिराग श्रीमाली, संजय पंड्या, केवला डोडियार मौजूद थे।



# यादव को मुंबई में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर राष्ट्रीय समता अवार्ड-2022 से किया गया सम्मानित

**डूंगरपुर।** समता साहित्य अकादमी द्वारा गलियाकोट निवासी मनमोहन यादव को सामाजिक क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए मुंबई में आयोजित हुए कार्यक्रम में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर राष्ट्रीय अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया। अकेडमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर डीएस तन्डेकर ने बताया कि अकेडमी के राष्ट्रीय सलाहकार आचार्य रतनलाल सोनगरा, अभिनेता अर्जुन यादव, शिवांगी राव, गायक संतोष ओर अन्य आमंत्रित अतिथियों के सानिध्य में दामोदर नाट्यगृह मुंबई में आयोजित हुए कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट ओर उल्लेखनीय कार्य करने वाले 12 राज्यो के कुल 88 लोगो को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर अकेडमी द्वारा सम्मानित किया जाता है जिसमें सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजस्थान से मनमोहन यादव का चयन किया गया ओर अकेडमी द्वारा सम्मानित किया गया।



# 5 बच्चो के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## परिजनों ने अवैध संबंधो के संदेह पर पत्नी व उसके प्रेमी पर षड्यंत्र रचकर लगाया हत्या का आरोप

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के देवगांव में 5 बच्चो के पिता ने अपने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर मृतक के परिजनों ने अवैध संबंधो का संदेह जताते हुए मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी पर षड्यंत्र रचकर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की देवगांव निवासी रमेश पिता हालिया कटारा घर पर अपने 3 बच्चो के साथ अकेला था वही उसकी पत्नी काली कटारा अपने दो बच्चो के साथ अपने पीहर गई हुई थी। रमेश कटारा अपने घर के अन्दर था वही उसके तीन बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे।

इधर घर के अन्दर रमेश कटारा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब बच्चे घर के अंदर गए तो अपने पिता को फंदे से लटका देखा। जिस पर बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। जिस पर रमेश के आसपास के लोग बच्चो के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और फंदे लटका हुआ शव देखा।

वही इसके बाद लोगो ने मामले की सुचना स्थानीय सरपंच व धम्बोला थाना पुलिस को दी। सुचना पर धम्बोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। इस दौरान मृतक के परिजनों ने रमेश की पत्नी का गाँव के ही भरत पिता जीवा के साथ अवैध सम्बन्ध होने का अंदेशा जताते हुए दोनों ने षड्यंत्र रचकर रमेश को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या का आरोप लगाया।

जिस पर पुलिस ने शव को सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी पहुँचाया। वही पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान में नौतपा के चौथे दिन भी पारा गिरा

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले दिनों आए वेर्स्टन डिर्स्टबेंस ने नौपता पर ग्रहण लगा दिया। अमूमन 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान पर तपने वाला राजस्थान इस साल नौपता में अब तक एक बार भी 45 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचा। आज भी जयपुर, गंगानगर, जोधपुर समेत 8 शहरों में दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई। वहीं धौलपुर जिले में सुबह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। पिछले 5 साल की रिपोर्ट देखे तो नौपता के सीजन में जयपुर का अधिकतम तापमान अमूमन 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहा है। लेकिन इस सीजन में अब तक 4 दिनों में एक बार भी पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचा। वहीं जोधपुर, जैसलमेर जैसे गर्म शहरों में भी इस साल नौपता में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। जयपुर में आज मौसम की स्थिति देखे तो दिन में हल्की गर्मी रहने के साथ हवाएं भी चली। दिन में मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर में हल्के छितराए बादल भी आसमान में देखे गए। तापमान भी कल के मुकाबले आज 0.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा और 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया।

# बौखला पंचायत के ग्रामीणों ने लगाया आरोप, आवश्यक कार्रवाई के बाद भी नहीं मिल रहे पट्टे

## एसडीएम बोले मेरे पास नहीं एक भी फ़ाइल पेंडिंग

**डूंगरपुर।** जिले की सुरपुर पंचायत के बाद अब बोखला पंचायत में भी ग्रामीणों को प्रशासन गाँवों के संग अभियान में लगे शिविरों में पट्टे नहीं मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीणों ने पंचायत में लगे फोलोअप शिविर में पहुंचकर प्रदर्शन किया वही एसडीएम से पट्टे दिए जाने की मांग रखी। इधर एसडीएम ने अपने पास एक भी फ़ाइल पेंडिंग नहीं होने की बात कही है। डूंगरपुर जिले की सुरपुर पंचायत में ग्रामीणों को पट्टे नहीं मिलने के मामले के बाद अब बिछीवाडा पंचायत समिति की बोखला पंचायत में भी ग्रामीणों को आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद भी पट्टे नहीं मिलने का मामला सामने आया है। पट्टे दिए जाने की मांग को लेकर पंचायत के ग्रामीण प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत लगे फोलोअप शिविर में पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन गाँवो के संग अभियान को फ़ैल करने के आरोप प्रशासनिक अधिकारियो पर लगाए। ग्रामीणों का कहना है की प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत लगे शिविर में उन्होंने गैर खातेदारी भूमि के आवंटन व राजस्व पट्टो के लिए आवेदन किये थे। आवेदन करने के बाद जो भी आवश्यक कार्रवाई की जाती है वह भी पूरी हो गई लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें अभी तक भूमि का आवंटन कर पट्टो का वितरण नहीं किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया वे सात महीने से प्रशासन के चक्कर काट रहे है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की जो लोग पैसे दे रहे है उनके काम शिविरों में हो रहे है और जो लोग पैसे देने में असमर्थ है उनके काम नहीं किये जा रहे है। इधर इस मामले में जब बिछीवाडा एसडीएम से बात की गई तो एसडीएम ने कहा की उनके पास भूमि आवंटन व पट्टो सम्बन्धी कोई भी आवेदन पेंडिंग नहीं है जो भी आवेदन आये थे उनमे नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को राहत दी गई है। वही उन्होने कहा की अगर ग्रामीण बता रहे है की उन्हें लाभ नहीं मिला है तो इस मामले को दिखवाया जाएगा।